सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

श्रावण 5, बुधवार, शाके 1944-जुलाई 27, 2022
Sravana 5, Wednesday , Saka 1944- July 27, 2022

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

गृह (ग्रुप-9) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 22, 2022

संख्या प. 20 (2) गृह-9/2012पार्ट1 :-यत राज्य सरकार ने राजस्थान अत्यावश्यक सेवाऐं अनुरक्षण अधिनियम, 1970 (1970 का अधिनियम संख्या 22) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) के उप खण्ड (i) एवं (iv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 21-07-2022 के द्वारा ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार एवं उसके नियंत्रणाधीन कम्पनियों की समस्त सेवाओं, कार्यालयों एवं उनके क्रियाकलापों से संबंधित सेवाओं को दिनांक 21-07-2022 से आगामी 06 माह तक अत्यावश्यक सेवा घोषित कर दिया है

यत राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोक हित में राजस्थान अत्यावश्यक सेवाऐं अनुरक्षण अधिनियम, 1970 (1970 का अधिनियम संख्या 22) की धारा 3 की उप-धारा (1) की शक्तियों को प्रयोग करते हुये राज्य सरकार ऊर्जा विभाग राजस्थान सरकार एवं उसके नियंत्रणाधीन कम्पनियों की समस्त सेवाओं, कार्यालयों एवं उनके क्रियाकलापों से संबंधित सेवाओं में हडताल किये जाने को एतद्द्वारा दिनांक 21.07.2022 से आगामी 06 माह तक के लिये प्रतिषेध करती है

राज्यपाल की आज्ञा से,

मुकेश पारीक,
शासन उप सचिव, गृह।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।